




# वक़्फ सम्पत्ति को लीज़(पट्टे)/किराये पर देने हेतु प्रक्रिया

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




सर्वप्रथम अपनी आईडी तथा पासवर्ड की सहायता से **http://app.ukwms.org** पर लॉगइन करें। डैशबोर्ड पर आपको **Lease** नाम से एक मैन्यू दिखायी देगा। मैन्यू पर क्लिक करें ।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन



Waqf Leasing of Property

+ Add Waqf Lease

Search:

Print Copy Excel CSV PDF

| S.N. | Waqf Name | Property Name | Purpose | Duration | Creation Date | Status | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Shop 1 (North Side of Masjid) | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 14-Dec-2021 | Completed | View Advertisement |
| 2. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Shop 3 (Outside of Masjid) | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 07-Dec-2021 | Pending at Waqf for Publish | View Advertisement Publish |
| 3. | Waqf Jama Masjid | Room 1 | Commercial Activities | upto 10 years | 06-Dec-20 | Pending at Waqf | View Advertisement |

मैन्यू पर क्लिक करते ही डैशबोर्ड पर **Waqf Leasing of Property** की विन्डो खुल जाएगी। विन्डो के दांयी ओर आपको **+Add Waqf Lease** एक बटन दिखायी देगा, बटन पर क्लिक करें।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन

**+Add Waqf Lease** बटन पर क्लिक करते ही एक फॉर्म खुलेगां।

यहां आपके वक़्फ की आई0डी0 भरी मिलेगी। यहां कुछ नहीं भरना है

यहां आपके वक़्फ की जिस सम्पत्ति को लीज़ पर देना है उसे चुना जाएगा।


यहां सम्पत्ति को लीज़ पर देने का उद्देश्य चुना जाएगा।

यहां सम्पत्ति का रकबा(एरिया) वर्ग मी0 में भरा जाएगा।

यहां जितनी अवधि के लिए सम्पत्ति लीज़/किराये पर दी जानी है वह चुना जाएगा।

यहां जिस जगह सम्पत्ति स्थित है उसका सर्किल रेट भरीा जाएगा

यहां किराया लेने की अवधि अर्थात माहवार/वर्षवार अथवा एक बार चुना जाएगा





यहां अवधि भरी जाएगी।

यहां सिस्टम स्वयं ही न्यूनतम आरक्षित किराया दिखा देगा। इस आरक्षित किराये से कम पर सम्पत्ति लीज़/किराये पर नहीं दी जा सकेगी।

यहां सम्पत्ति का नवीनतम फोटो अपलोड़ किया जाएगा

यहां अन्य कोई टिप्पणी भरी जा सकेगी।


# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




इस ड्रॉप डाउन मैन्यू से आप अपने वक़्फ की जिस सम्पत्ति को लीज़/किराये पर देना चाहतें हैं, उसे चुनेंगें।

यहां दिख रही सभी सम्पत्तियों के नम्बर अथवा विवरण आप द्वारा भरे गये वामसी फॉर्म के अनुसार ही दर्शाये गये हैं। यदि कोई सम्पत्ति अभी तक बोर्ड दस्तावेजों में अंकित नहीं हो सकी है तो उसे वामसी प्रारूप भरकर बोर्ड के अभिलेखों मे अपडेट करा लें।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन





इस ड्रॉप डाउन मैन्यू की सहायता से आप सम्पत्ति को लीज़/किराये पर देने का उद्देश्य अर्थात व्यावसायिक/शिक्षा व स्वास्थ्य हेतु/शॉपिंग मॉल इत्यादि बनानें और उन्हे चलाने/कृषि हेतु तथा आवासीय उद्देश्य चुनेंगें।

नोटः वक़्फ सम्पत्ति लीज़ नियम 2014 के अनुसार दुकान को अधिकतम 10 वर्ष तक, कृषि भूमि को अधिकतम 03 वर्ष हेतु तथा

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन

सम्पत्ति का रकबा वर्ग मी0 में ही भरें। रकबे का वर्गफीट/वर्गगज/हैक्टे0/एकड़ आदि ईकाईयों से वर्गमी0 में परिवर्तित करने हेतु आप मोबाईल फोन में आने वाले एरिया कन्वर्टर एप्प का इस्तेमाल कर सकते हैं।





यहां जिस क्षेत्र में सम्पत्ति स्थित है उसका सर्किल रेट प्रति वर्ग मी0 भरेंगें।

यहां किराया जिस अवधि में लिया जाना है अर्थात माहवार/वर्षवार अथवा एक बार का विकल्प चुनेंगें

यहां जितनी अवधि हेतु सम्पत्ति लीज़ पर दी जानी है वह अवधि भरेंगे।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन



Waqf*: UKAL0001

Select Property*: Shop 2(North Side of Masjid)-SH002

Through *: Commercial Activities

Area of Property (Sqmtr)*: 30

Current Circle Rate (Rs/Sqmtr)*: 80000

Type of Lease Rent *: Monthly

Duration in Year/Month*: Month

Duration*: 11

Minimum/Reserve Rent (Rs.)*: 5000

Upload Photo of Property: (File Upload) Choose File No file chosen


**Remarks**

लीज़ अवधि भरते ही न्यूनतम आरक्षित किराया दिखायी देगा। इस राशि से कम पर सम्पत्ति लीज़ पर नहीं दी सकेगी अर्थात बोली लगाने हेतु यह न्यूनतम धनराशि होगी

यहां सम्पत्ति की न्यूनतम फोटो अपलोड करनी होगी।


यहां सम्पत्ति को लीज़ पर देने के सम्बन्ध में कोई विशेष टिप्पणी हो तो उसे लिखेंगें।


# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन





फॉर्म में दिए गये सभी विवरण भरने के उपरान्त, फॉर्म को आगे बढाने के लिए आप **Submit** बटन पर क्लिक करेंगें।

फॉर्म **Submit** होते ही आपको डैशबोर्ड पर लिस्ट में दिखायी देगा। लीज़ को सर्वसामान्य हेतु पॉर्टल पर उपलब्ध कराये जाने हेतु आप **Publish**बटन पर क्लिक करेंगें।




**Publish**बटन पर क्लिक करते ही **Invitation of Bid**नाम से एक नया फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में आप टेण्डर/बोली मांगें जाने की अन्तिम तारीख व समय, दस्तावेज चैक करने हेतु तारीख व समय, बोली देखने की तारीख व समय तथा आवश्यक दस्तावेज के नाम इत्यादि भरेंगे।




इस फॉर्म में अपनी सहूलियत के मुताबिक तारीख व समय भर सकते हैं परन्तु ध्यान रहे कि बोली आमंत्रित करने की अन्तिम तारीख कम से कम 07 बाद की होनी चाहिए। समस्त जानकारी भरने के उपरान्त **Submit** बटन पर क्लिक करेंगे।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन

Search:

Print Copy Excel CSV PDF

| S.N. | Waqf Name | Property Name | Purpose | Duration | Creation Date | Status | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Shop 3 (Outside of Masjid) | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 31-Dec-2021 | Waiting for bidding | View Advertisement |

**Submit** बटन पर क्लिक करते ही आपको डैशबोर्ड पर स्टेटस **Waiting for Bidding**का मैसेज दिखाई देगा जिसका मतलब है कि आपका लीज़ का विज्ञापन उत्तराखण्ड़ वक़्फ बोर्ड के पॉर्टल पर दिखाई देना शुरू हो चुका है। अब कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति का लीज पर लेने हेतु आवेदन कर सकता है


Search:

Print Copy Excel CSV PDF

| S.N. | Waqf Name | Property Name | Purpose | Duration | Creation Date | Status | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Shop 3 (Outside of Masjid) | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 31-Dec-2021 | Waiting for bidding | View Advertisement |

लीज के विज्ञापन/इश्तेहार का प्रकाशन बोर्ड की वेबसाइट होने के पश्चात् आप अपनी स्क्रीन पर **View** व **Advertisement** के नाम से दो एक्शन बटन दिखायी देंगें। **View** बटन से आप लीज़ की सम्पूर्ण जानकारी देख सकते हैं एवं **Advertisement** बटन की सहायता से आप उक्त लीज़ का विज्ञापन/इश्तेहार का प्रिन्ट लेकर वक़्फ स्थल/मस्जिद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगें ताकि अधिक से अधिक लोग बोली लगा सकें।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




आवेदन करने की तारीख/समय समाप्त होने के पश्चात् आप आवेदनों की जांच हेतु **Technical Bid** बटन पर क्लिक करेंगे।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन



Waqf Lease Technical Bid Details

Back

Search:

Print | Copy | Excel | CSV | PDF


| S.N. | Waqf Name | Property Name | Purpose | Duration | Minimum Reserve Rent | Name | Mobile | Status | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Room 1 | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 5000.00 | amit- - kumar | 8218133312 | | Action |
| 2. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Room 1 | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 5000.00 | Bhanu | 9917319282 | | Action |

Showing 1 to 2 of 2 entries

Show 10 entries

**Technical Bid** बटन पर क्लिक करते ही आपके डैशबोर्ड पर जिन व्यक्तियों ने आवेदन किया है उन सभी के आवेदन लिस्ट में दिखायी देंगे। आवेदनकर्ताओं द्वारा अपलोड़ किये गये दस्तावेजों की जांच हेतु **Action** बटन पर क्लिक करें।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




**Action** बटन पर क्लिक करते ही उक्त आवेदनकर्ता का सम्पूर्ण विवरण आपको विन्डो में दिखायी देगा। दस्तावेज जांचने के लिए फाइल के आइकन पर क्लिक करें।

दस्तावेज के आधार पर आवेदनकर्ता को **Qualify/Disqualify** कर सकते हैं, उसके बाद कोई टिप्पणी भी टाइप कर सकते हैं।
नोटः केवल **Qualify** आवेदनकर्ताओं को ही में शामिल किया जा सकेगा।


**Forward** बटन पर क्लिक कर आगे बढें।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




सभी आवेदनों की जांच करने के उपरान्त फाइनेंशियल बिड हेतु नियत तारीख व समय पर **Financial Bid** बटन दिखायी देना आरम्भ हो जाएगा, **Financial Bid** बटन पर क्लिक करें।


# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




| S.N. | Waqf Name | Property Name | Purpose | Duration | Minimum Reserve Rent | Bid Amount | Name | Mobile | Status | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Room 1 | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 5000.00 | 6500 | amit- - kumar | 8218133312 | Qualified | |
| 2. | Waqf Jama Masjid Khaskhana | Room 1 | Commercial Activities | Less than 1 year/11 months | 5000.00 | 6000 | Bhanu | 9917319282 | Qualified | |

**Financial Bid** बटन पर क्लिक करते ही आपके डैशबोर्ड पर समस्त आवेदकों के रेट अवरोही क्रम में दिखायी देंगे। सबसे अधिक बोली/रेट देने वाले आवेदक का नाम सबसे उपर होगा। **Finalize Bid** बटन की सहायता से आप बिड प्रक्रिया को पूरी करेंगें।

# सम्पत्ति का लीज़/किराये पर आवंटन




लीज़ रजिस्टर्ड हो जाने के उपरान्त बटन की सहायता से से अनुबन्धनामें की स्कैन कॉपी आप यहां अपलोड़ करायेंगें और **Forward** बटन पर क्लिक कर प्रक्रिया को पूरा करेंगे।

# समाप्त